वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 सितंबर, 2022

अंक : 465
वर्ष : 30

श्री मुकेश कुमार मिश्रा वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के नए मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री मुकेश कुमार मिश्रा ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। वर्तमान में श्री मिश्रा ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी हैं। वे इस पद के साथ वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीवीओ का अतिरिक्त पदभार संभालेंगे।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार अभियांत्रिकी में स्नातक श्री मिश्रा वर्ष 2000 बैच के आईआरएसएसई (IRSSE) अधिकारी हैं। भारतीय रेलवे में उन्होंने वृहद परियोजनाओं के निर्माण एवं नियंत्रण, मशीनों के अनुरक्षण जैसी विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। पूर्व में, उन्हें भारत सरकार द्वारा हाई स्पीड टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षण हेतु जियाओटोंग यूनिवर्सिटी, चेंगडू, चीन में नामित किया गया था।

श्री मुकेश कुमार मिश्रा ने 01 सितम्बर, 2022 को पदभार ग्रहण करने के पश्चात आज वेकोलि मुख्यालय पहुंचकर सीएमडी श्री मनोज कुमार एवं निदेशक गण से भेंट की। वेकोलि में पदभार ग्रहण करने पर सीएमडी, निदेशक गण तथा वरिष्ठ अधिकारी गण ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अमेरिका में आयोजित 12वीं अंतरराष्ट्रीय खान बचाव प्रतियोगिता 2022 में सहभागी होगी वेकोलि की रेस्क्यू टीम

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी ने रेस्क्यू टीम से मुलाकात की - कहा, विजयी भव

10 से 16 सितंबर, 2022 तक वर्जीनियां, अमेरिका में आयोजित होने वाली 12 वीं अंतरराष्ट्रीय खान बचाव प्रतियोगिता-2022 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) की रेस्क्यू टीम कोल इंडिया लिमिटेड का प्रतिनिधित्व करेगी। वेकोलि के विभिन्न क्षेत्रों से 10 कर्मी इस टीम का हिस्सा होंगे। इस प्रतियोगिता की तैयारी एवं अभ्यास के लिए पूरी टीम नागपुर, इंदौरा स्थित रेस्क्यू स्टेशन में एकत्रित हुई।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी ने इस रेस्क्यू टीम से भेंट की एवं प्रतियोगिता में यश के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने टीम के प्रत्येक सदस्य से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। इसके उपरांत उन्होंने रेस्क्यू टीम की तैयारियों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक सुझाव दिए।

रेस्क्यू टीम से मुलाकात के पश्चात श्री द्विवेदी ने रेस्क्यू स्टेशन का मुआइना किया। यहां उन्होंने बचाव के आधुनिक उपकरण, ट्रेनिंग गैलरी, मॉडल रूम, रेस्क्यू वैन आदि का निरीक्षण किया।

इस दौरान महाप्रबंधक (खनन) श्री पी. के. चौधरी, मुख्य प्रबंधक (खनन) श्री दिनेश बिसेन, डीटीओ के तकनीकी सचिव श्री आर. के. चौधरी एवं अन्य अधिकारी गण प्रमुखता से उपस्थित रहे।

विदित हो कि वेकोलि की रेस्क्यू टीम ने वर्ष 2018 में आईएमआरसी में "मोस्ट एक्टिव रेस्क्यू टीम" का खिताब हासिल किया था। आईएमआरसी 2022 में वेकोलि की ओर से श्री बी. शिवकुमार, मुख्य प्रबंधक (खनन), श्री दिनेश बिसेन, सुपरिंटेंडेंट (रेस्क्यू), श्री शेख मुजाहिद आजम, मुख्य प्रबंधक (खनन), श्री एम. विष्णु, सहायक प्रबंधक (खनन), श्री तेज बहादुर यादव, माइनिंग सरदार, श्री संतोष पाटले, ओवरमैन, श्री आशीष शेलारे, माइनिंग सरदार, श्री हरिचंद रायसोनिया, माइनिंग सरदार, श्री पुष्पराज विश्वकर्मा, माइनिंग सरदार एवं श्री राजेश पाठे, माइनिंग सरदार शामिल होंगे।

माइंस रेस्क्यु स्टेशन, नागपुर
MINES RESCUE STATION, NAGPUR

निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह की प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट, मध्य प्रदेश, श्री सुनील कुमार अग्रवाल से भेंट

दिनांक 14 सितंबर 2022 को WCL के निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने मध्य प्रदेश शासन के प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट श्री सुनील कुमार अग्रवाल के साथ सदिच्छा भेंट की। बैठक के दौरान विशेष मुद्दों के अलावा सामायिक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में WCL के महाप्रबंधक (पर्यावरण), श्री कौशिक चक्रवर्ती भी उपस्थित रहे।

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष श्री ए. एल. जरहाड़ ने डब्ल्यूसीएल द्वारा पर्यावरण प्रबंधन की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की

श्री अनिल कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना ने श्री ए. एल. जरहाड़ (आईएएस), अध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल से भेट की एवं वेकोलि द्वारा सस्टेनेबल कोयला खनन की दिशा में किए गए प्रयासों के बारे में टेक्निकल प्रेजेंटेशन दिया। यह भेट 06.09.2022 को मुंबई में हुई। श्री ए. एल. जरहाड़ (आईएएस) ने पर्यावरण प्रबंधन की दिशा में डब्ल्यूसीएल द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

इसके उपरान्त श्री सिंह ने श्री ए. ए. शिंगारे (आईएएस), सदस्य सचिव, एमपीसीबी से भी मुलाकात की और उन्हें कोयला खनन क्षेत्रों में पर्यावरण प्रबंधन में किए गए कार्यों से अवगत कराया।

श्री कौशिक चक्रवर्ती, महाप्रबंधक (वन एवं पर्यावरण), श्री आनंद टैंभूर्णीकर, आरएसओ, मुंबई एवं श्री असीम अली, सहायक प्रबंधक (पर्यावरण) बैठक के दौरान उपस्थित रहे।

वेकोलि में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक
हार्दिक स्वागत
राजभाषा विभाग

दिनांक 07.09.22 को वेकोलि मुख्यालय में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी एवं निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह उपस्थित रहे।

सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हिंदी सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा है। अतः इस भाषा के प्रयोग से सभी अंश धारकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने सभी से अधिकतर कार्य हिंदी में करने के निर्देश दिए। उन्होंने सितंबर माह में राजभाषा पखवाड़े को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए कहा और सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दी। उन्होंने 14-16 सितम्बर 2022 को सूरत (गुजरात) में होने वाली द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और सभी को इसके बारे में अवगत कराया।

निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी को स्वैच्छिक रूप से हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में सहभाग लेना चाहिए। उन्होंने कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाने की बात पर भी बल दिया और राजभाषा विभाग के प्रयासों की सराहना की।

बैठक में सभी क्षेत्रों तथा मुख्यालय के विभागों की हिंदी पत्राचार की स्थिति की समीक्षा की गई। इस संबंध में प्रस्तुत, हिंदी पत्राचार के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया एवं हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग करने की बात पर बल दिया गया।

बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष गण एवं क्षेत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन डॉ. मनोज कुमार, उप प्रबंधक (राजभाषा) ने किया। इस अवसर पर सभी को हिंदी साहित्य और महान क्रांतिकारियों की जीवनी आदि पुस्तकें भेंट की गई।

अब बेटियाँ संभालेंगी उमरेड क्षेत्र का कोल हैंडलिंग प्लांट

महिला सशक्तिकरण की ओर एक और कदम

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन - रोशनी ने श्रीमद् भगवद गीता की पंक्तियाँ कही।

रोशनी पटेल, उमरेड क्षेत्र की एक कर्मी - कर्मठ और जुझारू। कोयला क्षेत्र में अपना संपूर्ण योगदान देने का जज्बा उसे ले आया उमरेड क्षेत्र के सीएचपी तक। लगभग पांच वर्षों तक रोशनी ने क्षेत्र के वे – ब्रिज पर काम किया। फिर लगा कि क्यों ना कोल माइनिंग के कुछ और कार्यों को संभाला जाये। तो रोशनी ने रुख किया क्षेत्र के कोल हैंडलिंग प्लांट का।

इसके लिए जरूरी था नया काम सीखना। तो उसने 'ऑपरेशंस इन कोल हैंडलिंग प्लांट' का प्रशिक्षण पूर्ण किया। जब वह आगे आई तो कुछ और लड़कियों ने भी कदम आगे बढ़ाए। रोशनी के साथ-साथ जनरल मजदूर (कैटेगरी-1) की सुश्री मीनाक्षी देवीकर एवं सुश्री अलका शेंडे ने भी यह प्रशिक्षण पूर्ण किया। आज तीनों लड़कियों को सीएचपी में पदस्थ किया जायेगा।

वेकोलि की ये खासियत रही है कि वह हर मेहनती व्यक्ति को उसकी क्षमता के अनुकूल कार्य देता है। आज फिर यही देखने को मिला जब क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री दिवाकर गोखले ने इन वेकोलि की बेटियों से मिलकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

रोशनी ने कहा, "मैं काफी खुश हूँ। यह अवसर है खुद को साबित करने का। वेकोलि को आपना पूर्ण योगदान देने का।" वह दिल्ली निकल रही थी, उसके डांस अकादमी का कार्यक्रम था। बता दे कि सुश्री रोशनी एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम डांसर भी है।

वेकोलि को नाज़ है आपनी इन बेटियों पर। शुभकामनाएं रोशनी, मिनाक्षी और अलका। अनेक-अनेक साधुवाद।

वेकोलि में 14 से 28 सितंबर तक मनाया जाएगा राजभाषा पखवाड़ा

भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं कोयला मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, हिंदी भाषा के व्यापक प्रचार एवं प्रसार हेतु वेकोलि में 14 से 28 सितंबर, 2022 तक राजभाषा पखवाड़ा आयोजित किया गया है। हिंदी दिवस के साथ प्रारंभ हुए इस पखवाड़ा में हिंदी भाषा के प्रसार के उद्देश्य से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

प्रथम दिवस पर वेकोलि मुख्यालय में सभी को राजभाषा पखवाड़ा का बैज दिया गया। इसके उपरांत गुजरात, सूरत में आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं हिंदी दिवस कार्यक्रम – 2022 का वेबकास्ट प्रदर्शित किया गया, जिसे सभी ने देखा। अगले दिन 15.09.2022 को निबंध एवं सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभाग लिया।

इस पखवाड़े में सामान्य ज्ञान, टिप्पण एवं आलेखन, भाषण, स्व-रचित काव्य, स्लोगन, अंताक्षरी, प्रश्न मंच आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही व्याख्यान एवं राजभाषा कार्यशाला का भी आयोजन किया जायेगा। 28 सितंबर, 2022 को पुरस्कार वितरण के साथ इस पखवाड़ा का समापन होगा। यह राजभाषा पखवाड़ा वेकोलि मुख्यालय के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में मनाया जाएगा।

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।